देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंकः 242 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

पेज थ्री परिवार की ओर से आप सभी को ......

नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाए

# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 1 जनवरी 2023




मौसम | अधिकतम 19.0° | न्यूनतम 10.0° | 60840.74

2 काबुल जैसा होगा इस्लामाबाद का हाल | 7 रोहित और द्रविड़ की लगेगी क्लास

# भारत समेत पूरी दुनिया में नए साल का स्वागत

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को नए साल की दी बधाई

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। नए साल 2023 का आगाज हो रहा है और 2022 विदा हो रहा है। भारत समेत दुनियाभर के लोग नए साल का स्वागत कर रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नए साल की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी। साथ ही लोगों से देश की एकता, अखंडता और समावेशी विकास के लिए खुद को फिर से समर्पित करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

भारत समेत पूरी दुनिया के लोगों ने धूमधाम से नए साल का स्वागत किया। नया साल एंजॉय करने के लिए भारत में कई लोग घरों से निकले। हिल स्टेशनों से लेकर मंदिरों में लोगों की भीड़ लगी हुई है। कोविड लाकडाउन की पाबंदियों के तीन साल बाद इस बार सरोवर नगरी नैनीताल और पहाड़ों की रानी मसूरी में नव वर्ष के उत्सव के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक उमड़े है। नव वर्ष पर नैनीताल मालरोड समेत होटल–रिसार्ट रंगी–बिरंगी रोशनी व गीत–संगीत के आयोजनों से गुंजायमान हुआ। नए साल का जश्न मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग इंडिया गेट पहुंचे।

भारत समेत दुनिया के कई देश ऐसे हैं जहां हर कोई जश्न में सराबोर हो गया है। प्रशांत द्वीप के देश सामोआ, टोंगा, किरिबाती उन देशों में से हैं, जहां दुनिया में सबसे पहले नए साल का स्वागत होता है। इसके बाद अन्य देश इसकी खुमारी में डूबते जाते हैं। इन देशों के बाद दूसरा नंबर न्यूजीलैंड का है, जहां करीब एक घंटे बाद नए साल का स्वागत होता है। शनिवार को लोगों ने न्यू ईयर का स्वागत जोर–शोर से किया। यहां पटाखे फोड़कर जश्न मनाया गया।

**भारत के साथ ही इन देशों में मनाया जाता है नए साल का जश्नः** भारत नए साल का स्वागत रात 12 बजे के बाद करता है। भारतीय समयानुसार रात 11 बजे म्यांमार, 11:30 बजे बांग्लादेश, जबकि 11:45 मिनट पर नेपाल और ठीक 12 बजे भारत और श्रीलंका में नए साल का जश्न मनाया जाता है। हालांकि रात एक बजे पाकिस्तान में भी नए साल का जश्न मनाया जाता है। अमेरिका में एक जनवरी सुबह साढ़े ग्यारह बजे नए साल का जश्न मनाया जाता है।



### 2023 के आगाज में जमकर हुई आतिशबाजी

पूरी दुनिया में नए साल का स्वागत किया जा रहा है। न्यूजीलैंड में साल 2023 के आगाज में जमकर आतिशबाजी हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग सार्वजनिक स्थानों पर इकट्ठा हुए। इससे पहले के दो साल कोविड प्रतिबंधों के कारण नए साल का जश्न फीका रहा है। ऐसे में लोग धूमधाम से साल 2023 का स्वागत कर रहे हैं। थोड़ी ही देर बाद ऑस्ट्रेलिया समेत दूसरे देशों में भी नए साल की शुरुआत हुई। ऑस्ट्रेलिया में भी कोरोना प्रतिबंधों के हटने के बाद लोग जश्न में डूबे हुए हैं। सबसे पहले नया साल ऑस्ट्रेलिया के ही क्रिसमस द्वीप पर मनाया गया।

### सीएम धामी ने प्रदेशवासियों को दी नववर्ष की शुभकामनाएं

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रदेशवासियों को नववर्ष 2023 की शुभकामनाएं दी है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा आने वाले वर्ष में राज्य सरकार आमजन के सहयोग से प्रदेश को नई ऊंचाइयों में पहुंचाने का कार्य करेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि उत्तराखंड की जनता ने राज्य के इतिहास में पहली बार किसी सरकार को पुनः पूर्ण बहुमत से विजय बनाया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार के विशेष सहयोग से राज्य सरकार, उत्तराखंड के चौमुखी विकास एवं सर्वश्रेष्ठ उत्तराखण्ड के संकल्प को लेकर निरंतर कार्यरत है।




# आरआरएस और बीजेपी को अपना गुरु मानता हूं

## भाजपा के हमले पर राहुल गांधी का पलटवार

संवाददाता

नई दिल्ली। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर भाजपा द्वारा किए जा रहे हमले पर राहुल गांधी ने अब पलटवार किया है। राहुल ने कहा कि कन्याकुमारी से दिल्ली तक आई इस यात्रा में मैंने सरकार के खिलाफ लोगों का रोष देखा है। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि भाजपा हम पर आक्रामक हमला करें, इससे कांग्रेस पार्टी की विचारधारा सबको समझने में मदद मिलेगी। राहुल ने यात्रा में हुई सुरक्षा चूक को भाजपा सरकार की साजिश भी बताया।

राहुल ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि मैं बीजेपी और आरएसएस के लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं, क्योंकि वे जितना अधिक मुझे निशाना बनाते हैं, यह किसी न किसी तरह से मेरी मदद करता है। राहुल ने आगे कहा कि मैं भाजपा और आरएसएस को अपना गुरु मानता हूं, क्योंकि वो मुझे ट्रेनिंग दे रहे हैं।

### सुरक्षा चूक को भाजपा की साजिश बताया

राहुल ने दिल्ली में भारत जोड़ो यात्रा में हुई सुरक्षा चूक को लेकर भी भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब भाजपा के वरिष्ठ नेता बुलेट प्रूफ गाड़ी से बाहर आते हैं तो कोई चिट्ठी नहीं जाती। उन्होंने कहा कि जब भाजपा के नेता रोड शो करते हैं या खुली जीप में जाते हैं तब किसी को प्रोटोकॉल की याद नहीं आती। कांग्रेस नेता ने कहा कि बीजेपी जानती है कि मेरे लिए क्या करना चाहिए क्या नहीं।

**अखिलेश-मायावती भी चाहते हैं मोहब्बत का हिंदुस्तानः** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आगे कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दरवाजे सभी के लिए खुले हैं, हम किसी को अपने साथ जुड़ने से नहीं रोकेंगे। उन्होंने कहा कि अखिलेश, मायावती और अन्य लोग मोहब्बत का हिंदुस्तान चाहते हैं और हमारे बीच इसी विचारधारा का संबंध है।

**राहुल बोले- ठंड नहीं लग रही, तभी पहन रहा हूं टी-शर्टः** कांग्रेस नेता ने अपने टी–शर्ट पहनने को लेकर पूछे गए सवाल पर एक बार फिर जवाब दिया। उन्होंने कहा, मेरी टीशर्ट को लेकर बिना वजह बवाल है। मैं स्वेटर नहीं पहनता क्योंकि मुझे सर्दी से डर नहीं लगता। ठंड लगने के बाद मैं स्वेटर पहनने की सोचूंगा। कांग्रेस सांसद ने इसी के साथ दावा करते हुए कहा कि कांग्रेस मध्य प्रदेश के चुनावों को इस बार बड़े अंतर से जीतेगी और भाजपा वहां दिखाई नहीं देगी।

## संक्षिप्त समाचार

### 5 अधिकारियों को विभिन्न पदों पर पदोन्नति

**संवाददाता** देहरादून। सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग के 5 अधिकारियों को विभिन्न पदों पर पदोन्नति प्रदान की गई है। विभाग में निर्धारित चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात पान सिंह बिष्ट की मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, हरेन्द्र सिंह एवं मुकेश कुमार की वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा चेतन पाण्डेय तथा नरेन्द्र सिंह सजवाण को प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है।

### असम में परिसीमन से पहले 4 जिलों के विलय का फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। असम से एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। असम सरकार ने चार जिलों का अन्य चार जिलों में विलय के साथ–साथ कुछ गांवों के प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र में बदलाव करने का फैसला किया। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा की।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development: All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding: 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation: A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# एक इंच जमीन पर कब्जा नहीं कर सकता चीन

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बेंगलुरु। चीनी सैनिकों के साथ तवांग में हुई भारतीय सेना की झड़प पर अमित शाह का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि आईटीबीपी के जवानों के रहते हुए मुझे यह सोचने की जरूरत नहीं की चीन एलएसी पर कुछ कर सकता है। आईटीबीपी के आवासीय एवं गैर आवासीय परिसर के

### एलएसी की चिंता नहीं, आईटीबीपी है नः गृहमंत्री

उद्घाटन समारोह में गृह मंत्री अमित शाह ने ये बात कही।

शाह ने कहा कि हम कल्पना ही नहीं कर सकते कि माइनस 42 डिग्री सेल्सियस तापमान में देश की सीमाओं की सुरक्षा करना कितना दृढ़ मनोबल होता है। शाह ने कहा कि जब हमारे आईटीबीपी जवान सीमा पर तैनात होते हैं तो किसी की भी हिम्मत नहीं है कि भारत की एक भी इंच का भी अतिक्रमण कर पाए।

आईटीबीपी के जवानों का यही शौर्य है कि भारत की जनता उन्हें हिमवीर कहकर बुलाती है। मैं मानता हूं कि यह पद्मश्री और पद्म विभूषण से भी बड़ा उपनाम भारत की जनता ने हमारे आईटीबीपी के जवानों को दिया है।

# ब्रिटेन में भारत के आलोक शर्मा को दी गई नाइटहुड की उपाधि

सम्मान

## नए साल पर भारतीय मूल के 30 लोग हुए सम्मानित

किंग चार्ल्स तृतीय की नववर्ष सम्मान सूची जारी की गई है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
लंदन। ब्रिटेन में भारतीय मूल के पूर्व मंत्री आलोक शर्मा को जलवायु परिवर्तन से निपटने में उनके योगदान के लिए महाराजा चार्ल्स तृतीय ने यहां जारी अपनी पहली नववर्ष सम्मान सूची में 'नाइटहुड' की उपाधि से सम्मानित किया है। आगरा में जन्मे शर्मा (55) अक्टूबर तक कैबिनेट स्तर के मंत्री थे और उन्हें 'ओवरसीज लिस्ट' में शामिल किया गया है। इस बार भारतीय मूल के 30 से अधिक कार्यकर्ताओं, अर्थशास्त्रियों, शिक्षाविदों, चिकित्साकर्मियों और परोपकारियों को ब्रिटेन और विदेश में उनकी "अतुलनीय जनसेवा" के लिए सम्मान सूची में शामिल किया गया है।

ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने सम्मान सूची के हवाले से एक बयान में कहा, "आलोक शर्मा को ब्व26 में अपने नेतृत्व से जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने में योगदान देने और भविष्य में जलवायु परिवर्तन से निपटने में बड़ा योगदान देने वाले ऐतिहासिक समझौते के लिए ब्रिटेन को प्रेरित करने के लिए 'नाइटहुड' दिया जाता है।" संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (ब्व26) पिछले साल स्कॉटलैंड में 31 अक्टूबर से 13 नवंबर तक आयोजित किया गया था।




**बच्चों की मदद करने के लिए ब्रिटिश एंपायर मेडलः** ब्रिटेन की नए साल की सम्मान सूची में सार्वजनिक सेवा से जुड़े लोग सबसे आगे हैं। श्रॉपशायर की 69 साल की ट्रिशिया वार्ड–जोन्स को प्रॉमिस ड्रीम्स के लिए वालंटियर फंडरेजर के रूप में 17 साल बाद ब्रिटिश एंपायर मेडल मिलेगा। प्रॉमिस ड्रीम्स उन बच्चों के परिवारों की मदद करता है जो गंभीर रूप से बीमार हैं। उन्होंने कहा कि हम एक छोटे से संगठन हैं और हमें गर्व है कि हम बीमार बच्चों के परिवारों के सपने को पूरा करने में कामयाब रहे।

**इन्हें भी दिया गया सम्मानः** ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस निरीक्षक जिम जोन्स (52) को भी ब्रिटिश एंपायर मेडल के लिए नामित किया गया है। उन्हें कमजोर अपराधियों का समर्थन करने और आपराधिक न्याय प्रणाली से दूर करने के लिए सम्मान दिया जा रहा है। ग्रेटर मैनचेस्टर के पूर्व पुलिस अधिकारी असरार उल हक को वंचित समुदायों के साथ उनके काम के लिए पुरस्कार दिया गया है।

## न्यूज डायरी



### पाकिस्तान में टीटीपी राज? काबुल जैसा होगा इस्लामाबाद का हाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान, जिसे पाकिस्तानी तालिबान भी कहा जाता है, ने कुछ नई नियुक्तियों की घोषणा की है। इन नियुक्तियों को मंत्रालयों में बांटा गया है, जैसे– रक्षा, न्याय, सूचना, राजनीतिक मामले, आर्थिक मामले, शिक्षा, फतवा जारी करने वाली अथॉरिटी, निर्माण और खुफिया विभाग। कुख्यात आतंकवादी संगठन की ये नियुक्तियां सुनने में बिल्कुल किसी नई सरकार के गठन जैसा है। जानकार लोग इसे तालिबान के अफगानिस्तान कब्जे से जोड़कर देख रहे हैं। टीटीपी के बनाए रक्षा मंत्रालय का नेतृत्व मुफ्ती मुजाहिम के हाथ में है। मुफ्ती मुजाहिम अमेरिकी विदेश मंत्रालय की आतंकवादियों की लिस्ट में शामिल है। यह मंत्रालय दो जोन में बंटा हुआ है, नॉर्थ और साउथ। इसमें पेशावर, मलकंद, मर्दन, डेरा इस्माइल खान, बन्नू, कोहाट और झोब जैसे इलाके शामिल हैं। एक स्पेशल इस्तिशादी फोर्स भी इस मंत्रालय का हिस्सा है जिसमें सुसाइड बॉम्बर्स का एक पूरा बेड़ा शामिल है।

### बैलिस्टिक मिसाइलों से किम जोंग उन ने 2022 को कहा, अलविदा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरियाई हवाई क्षेत्र में कथित रूप से ड्रोन भेजने कारण बढ़े तनाव के बीच शनिवार को अपने पूर्वी जलक्षेत्र की ओर कम दूरी की तीन बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि उनके देश की सेना ने शनिवार सुबह उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के दक्षिणी इलाके से तीन मिसाइल प्रक्षेपण का पता लगाया है। उन्होंने बताया कि मिसाइल प्रक्षेपण के बाद दक्षिण कोरिया ने सतर्कता बढ़ा दी है और वह अमेरिका से निकट समन्वय के साथ हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उधर, जापान के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उत्तर कोरिया ने संदिग्ध रूप से बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। यह पिछले आठ दिन में उत्तर कोरिया की ओर से किया गया पहला मिसाइल प्रक्षेपण है। मालूम हो कि पांच दिन पहले दक्षिण कोरिया ने प्योंगयांग पर उसके हवाई क्षेत्र में पांच ड्रोन भेजने का आरोप लगाया था। उत्तर कोरिया ने इससे पहले 2017 में दक्षिण कोरिया में ड्रोन भेजे थे।

### अमेरिका में 40 फीसदी कोरोना मरीज एक्सबीबी.1.5 वेरिएंट के

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। कुछ महीनों की राहत के बाद एक बार फिर दुनिया अपने आस–पास कोरोना के मामले बढ़ते देख रही है। चीन में जहां ओमीक्रोन का बीएफ.7 वेरिएंट नई लहर की वजह बना हुआ है तो वहीं अमेरिका में एक्सबीबी.1.5 के मामले बढ़ रहे हैं। यूएस सीडीसी के सामने आए डेटा के अनुसार, अमेरिका में 40 फीसदी मामलों की वजह एक्सबीबी.1.5 वेरिएंट है। कई पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट्स ने चीन में बढ़ते कोविड मामलों को लेकर चिंता जाहिर की है। लेकिन संक्रामक रोग विशेषज्ञ XBB.1.5 के बारे में चिंतित हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ मिनेसोटा में संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ माइकल ओस्टरहोम ने कहा, वास्तव में, मौजूदा समय में सबसे खतरनाक वेरिएंट जिसका दुनिया सामना कर रही है, ग्ठ है।

### बलूचिस्तान में मछुआरों के खिलाफ उतरी पाकिस्तानी सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में इस हफ्ते प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हिंसक संघर्ष हुआ था। इसमें एक पुलिसकर्मी की मौत भी हो गई थी। इसके बाद राज्य सरकार ने बंदरगाह शहर ग्वादर में विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगू करने के साथ कर्फ्यू लगा दिया है। एक अधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गयी। मौलाना हिदायतुर रहमान के नेतृत्व में हक दो तहरीक नामक संगठन से जुड़े प्रदर्शनकारी लगभग दो महीने से स्थानीय मछुआरों की जगह मशीनीकृत नौकाओं के जरिए अवैध रूप से मछली पकड़ने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। इस इलाके के स्थानीय मछुआरे अपनी आजीविका के लिए पीढ़ियों से मछली पकड़ने के व्यापार पर निर्भर हैं। आमतौर पर शांतिपूर्ण रहा विरोध प्रदर्शन इस हफ्ते तब हिंसक हो गया जब पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने की कोशिश की, जिसके परिणामस्वरूप झड़पें हुईं।

## दूर से चमकने वाले अरब जगत की एक तिहाई आबादी गरीब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियाद। दूर से आलीशान लगने वाले अरब जगत की एक बड़ी आबादी गरीबी से जूझ रही है। श्बड़ी आबादीश का मतलब यहां करीब 13 करोड़ लोगों से है। हालांकि कुछ अमीर देश इसमें शामिल नहीं हैं। संयुक्त राष्ट्र पश्चिमी एशिया के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग (ईएससीडब्ल्यूए) की ओर से जारी एक सर्वेक्षण में कहा गया है कि अरब क्षेत्र की एक तिहाई आबादी गरीब है। इसमें खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के देश और लीबिया शामिल नहीं हैं।

खाड़ी सहयोग परिषद छह अरब देशों का गठबंधन है जिसमें संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, ओमान, कतर और बहरीन शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार सर्वेक्षण में अगले दो वर्षों में गरीबी के स्तर में और वृद्धि की उम्मीद है, जो 2024 में 36 प्रतिशत आबादी तक पहुंच जाएगी। इसके अलावा अरब क्षेत्र में 2022 में 12 प्रतिशत पर दुनिया की उच्चतम बेरोजगारी दर दर्ज की। सर्वेक्षण में कहा गया है कि 2023 में 11.7 प्रतिशत तक बहुत मामूली कमी हो सकती है, जो कि कोविड–19 के बाद के आर्थिक सुधार प्रयासों के कारण है। यह उम्मीद करता है कि 2023 में क्षेत्र की अर्थव्यवस्था 4.5 प्रतिशत और 2024 में 3.4 प्रतिशत बढ़ेगी। इस क्षेत्र में पर्यटन और अंतर्राष्ट्रीय सहायता प्रवाह दोनों में गिरावट आई है।




ब्रिटेन के करीब से गुजरेगा परमाणु मिसाइलों से लैस रूसी युद्धपोत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस का विनाशकारी परमाणु मिसाइलों से लैस युद्धपोत ब्रिटेन के करीब से होकर गुजरने के लिए तैयार है। इस युद्धपोत पर लगीं मिसाइलें 11000 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से उड़ान भर सकती हैं। एडमिरल गोर्शकोव अगले साल की शुरुआत में पश्चिमी देशों को ताकत दिखाने के लिए एक रूसी नौसैनिक टास्क फोर्स का नेतृत्व करेगा। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत से ही रूस और पश्चिमी देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। इनमें यूक्रेन को बड़े पैमाने पर सैन्य मदद मुहैया कराने वाले अमेरिका और ब्रिटेन को रूस खुले तौर पर धमकियां दे रहा।

## चीन के कोरोना से डरे फ्रांस, स्पेस और इजरायल, लागू किए ये नए नियम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

8 जनवरी से चीन पूरी तरह अपने बॉर्डर को खोल देगा

पेरिस। फ्रांस, स्पेन और इजरायल भारत सहित उन देशों की सूची में शामिल होने वाले नवीनतम देश बन गए हैं, जिन्होंने बढ़ते कोविड–19 वायरस के मद्देनजर चीन से यात्रियों के खिलाफ प्रतिबंधों को कड़ा किया है। बीबीसी ने बताया कि शुक्रवार को एक बयान में फ्रांसीसी सरकार ने कहा कि चीन से उड़ान भरने वाले यात्रियों को प्रस्थान से 48 घंटे से कम समय पहले एक नकारात्मक कोविड–19 परीक्षण प्रस्तुत करना होगा। फ्रांसीसी स्वास्थ्य और परिवहन मंत्रालयों ने कहा कि सरकार एक डिक्री प्रकाशित करेगी और यूरोपीय संघ के सदस्य राज्यों को सूचित करेगी।

इस बीच स्पेन की स्वास्थ्य मंत्री कैरोलिना डारियास ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर हम हवाई अड्डों पर नियंत्रण लागू करेंगे और चीन से आने वाले यात्रियों को एक नकारात्मक कोविड परीक्षण प्रस्तुत करने या पूरी तरह से टीका लगाने की आवश्यकता होगी। इजराइल ने विदेशी एयरलाइनों को आदेश दिया है कि वे लोगों को चीन से यात्रा करने की अनुमति न दें, जब तक कि उनका परीक्षण नकारात्मक न हो और अपने स्वयं के नागरिकों को वहां अनावश्यक यात्रा से बचने के लिए कहा।

ब्रिटेन में नए नियमों की घोषणा साथ ही शुक्रवार को ब्रिटेन और दक्षिण कोरिया ने नए परीक्षण नियमों की घोषणा की, जबकि अमेरिका और भारत पहले ही प्रतिबंध लगा चुके हैं। बीबीसी ने बताया कि सभी देशों ने नियंत्रण की घोषणा नहीं की है। जर्मनी ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और पुर्तगाल के साथ यह कहते हुए शामिल हो गया है कि अभी तक कोई नया नियम नहीं होगा। हालांकि, जर्मनी के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि देश यूरोपीय हवाई अड्डों पर वेरिएंट की निगरानी के लिए एक समन्वित प्रणाली की मांग कर रहा है।

### पुतिन ने भारत को भेजा नए साल पर खास संदेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को विश्वास जताया कि एससीओ और जी20 की भारत की अध्यक्षता दोनों देशों के बीच बहुआयामी सहयोग का निर्माण करेगी और एशिया तथा पूरी दुनिया में स्थिरता एवं सुरक्षा को मजबूत करेगी। भारत ने एक दिसंबर को औपचारिक रूप से जी20 की अध्यक्षता तथा 16 सितंबर को शंघाई सहयोग संगठन की अध्यक्षता संभाली थी। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजे गए नए साल के संदेशों में पुतिन ने कहा कि रूस और भारत ने 2022 में अपने राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनाई और दोस्ती एवं पारस्परिक सम्मान की सकारात्मक परंपराओं पर भरोसा करते हुए दोनों देश अपनी खास रणनीतिक साझेदारी को जारी रखे हुए हैं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि भारत की हाल में शुरू हुई एससीओ और जी20 अध्यक्षता एशिया और पूरी दुनिया में स्थिरता एवं सुरक्षा को मजबूत करने के हित में, हमारे लोगों के लाभ के लिए बहु–आयामी रूस–भारत सहयोग के निर्माण के लिए नए अवसर खोलेगी।

**Page Three**

# Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# डॉ. अनिल चंदोला एवं गोपाल सिंह राणा ने लंबे समय तक सेवाएं दीः सूचना महानिदेशक

**सेवानिवृत्ति**

## अपर निदेशक एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी की सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

**संवाददाता**

देहरादून। सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड के अपर निदेशक डॉ. अनिल चंदोला एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गोपाल सिंह राणा की सेवानिवृत्ति के अवसर पर रिंग रोड स्थित सूचना निदेशालय में दोनों अधिकारियों को विदाई दी गई।

महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने कहा कि अपर निदेशक डॉ. अनिल चंदोला की सूचना विभाग में एक कुशल प्रशासक के रूप में बड़ी छवि रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साथ लेकर विभाग को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सूचना महानिदेशक ने कहा कि मनुष्य के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण समय उसका सेवाकाल होता है। हमारे जीवन का यह अनमोल समय होता है, क्योंकि राष्ट्र सेवा के लिए अपना योगदान देने का यह सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। उन्होंने



कहा कि डॉ. अनिल चंदोला एवं गोपाल सिंह राणा ने सूचना विभाग में लंबे समय तक सेवाएं दी। उन्होंने दोनों अधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य एवं सुखमय जीवन की कामना की।

महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने कहा कि यदि हम किसी कार्य को दिल से करते हैं, तो मन में ऊर्जा का संचार स्वतः ही हो जाता है। जब कर्म के प्रति भावना जुड़ी होती है, तो वह मन को संतुष्टि और प्रसन्नता देती है। कार्य के साथ सद्व्यवहार एवं विनम्रता बहुत जरूरी है। आम जन तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने में सूचना विभाग की बड़ी जिम्मेदारी होती है। सभी को टीम भावना से कार्य कर आगे बढ़ना है।

अपर निदेशक डॉ. अनिल चंदोला ने अपने 36 वर्षों के सेवाकाल के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि इन 36 सालों में उन्हें उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड में सेवा करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि जो कार्य टीम भावना से होते हैं, उनके परिणाम अधिक सुखद होते हैं। उन्होंने अपने सेवाकाल में साथ कार्य करने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विभाग को आधुनिक संसाधनों के अधिक उपयोग पर बल देना होगा।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गोपाल सिंह राणा ने भी अपने सेवाकाल के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने सेवाकाल के दौरान साथ कार्य करने वाले सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों का भी आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर संयुक्त निदेशक आशिष त्रिपाठी, के. एस. चौहान, संयुक्त निदेशक (से.नि) श्री राजेश कुमार, उप निदेशक डॉ. नितिन उपाध्याय, मनोज श्रीवास्तव, रवि बिजारनियां, सहायक निदेशक श्रीमती अर्चना एवं विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### 35 वर्ष सेवा करनें के बाद प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त पर भव्य विदाई

**संवाददाता** पुरोला। 35 वर्ष की लंबी सेवा के बाद कमल संस्कृत विद्यालय पुरोला प्रधाना चार्य पद से सेवानिवृत्त हो रहे रवांई के प्रख्यात व्यास कथा वाचक शिवप्रसाद नौटियाल को शनिवार को विद्यालय परिवार समेत क्षेत्र के सामाजिक लोगों प्रतिनिधियों ने भावभीनी विदाई दी। वही पुरोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बाल रोग विशेषज्ञ एएस भंडारी को भी क्षेत्र के लोगों ने सेवानिवृत्त पर भावभीनी विदाई दी। कमल संस्कृत विद्यालय में अपनी 35 वर्ष की लंबी सेवा के बाद शनिवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य व क्षेत्र के विख्यात व्यास शिव प्रसाद नौटियाल भावभीनी विदाई दी गई। वहीं दूसरी ओर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरोला में वर्षों से बालरोग विशेषज्ञ के रूप में सेवाएं दे रहे डॉ एलम सिंह भंडारी को भी शनिवार को स्वास्थ्य केंद्र परिवार एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने विदाई दी।

### बर्फबारी के साथ हो सकता है नए साल का आगाज

**संवाददाता** देहरादून। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मैदान से लेकर पहाड़ तक मौसम का मिजाज अगले एक दो दिन में फिर बदलने वाला है। उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर में बारिश के साथ ही बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक राज्य के मैदानी इलाकों में अगले एक दो दिन के भीतर न्यूनतम तापमान के चार डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं। ऐसे में लोगों को जबरदस्त ठंडक का सामना करना होगा। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विक्रम सिंह के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के अगले 24 घंटे में पूरी तरह सक्रिय होने की संभावना है। राजधानी दून में शनिवार को हल्की धूप खिली तो प्रदेश के कई इलाकों में हल्का कोहरा छाया हुआ है।

### ठंड से बचने को जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**संवाददाता** ऋषिकेश। सर्दी के मौसम में जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए रोटरी क्लब ऋषिकेश रॉयल आगे आया है। शनिवार को क्लब ने 100 से अधिक जरूरतमंदों को ठंड से बचने के लिए कंबल वितरित किए। शनिवार को यात्रा बस अड्डे पर रोटरी क्लब ऋषिकेश रॉयल ने वर्ष 2022 के समापन पर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेयर अनिता ममगाईं ने 100 से अधिक निर्धन और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। उन्होंने क्लब द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कहा कि गरीबों की सेवा करने से बड़ा पुनीत कार्य कोई नहीं है। इस दौरान उन्होंने यात्रा बस अड्डे पर बने रैन बसेरे की व्यवस्थाएं भी देखीं और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## नव वर्ष पर पर्यावरण के लिए कार्य करने का दिया संदेश

**संवाददाता** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में नव वर्ष, नव जीवन रिट्रीट का शुभारम्भ हुआ। इसमें वक्ताओं ने नव वर्ष पर जीवन में अध्यात्म, योग को अपनाने व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने को कहा।



शनिवार को परमार्थ निकेतन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न जगहों से आए साधकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि नव वर्ष में 'साधना, सेवा और समर्पण' इन तीन के माध्यम से अपने जीवन को शुद्ध, बुद्ध और समृद्ध करें। नव वर्ष पर अपनी पर्यावरण अनुकूल दिनचर्या बनायें, नियमित रूप से सुबह उठना, योग, ध्यान, प्राणायाम, कम से कम एक हजार तेज कदम चलना, रात्रि को जल्दी सोना और सात्विक और जैविक आहार ग्रहण करने का संकल्प लें। क्योंकि संकल्प ही हमारे जीवन को स्वस्थ, समृद्ध और सशक्त बनाता है। संकल्प से ही सिद्धि होती है। कहा कि अपनी प्रतिज्ञाओं और संकल्पों के साथ नव वर्ष में प्रवेश करें। जीवन में छोटे–छोटे बदलाव कर स्वस्थ और हरित जीवन शैली अपनाकर समृद्ध समाज के निर्माण में योगदान करें। जीवन में छोटे–छोटे परिवर्तन कर, स्वस्थ और हरित जीवन पद्धति को स्वीकार करना होगा।




## पोते की सलामती के लिए दादी ने मांगी दुआ

**संवाददाता** पिथौरागढ़। क्रिकेटर ऋषभ पंत के दुर्घटना में घायल होने की सूचना मिलते ही उनके गृह जनपद पिथौरागढ़ में लोग हाल जानने के लिए बेचैन नजर आए। ऋषभ की दादी नंदी पंत को जैसे ही पोते के घायल होने का पता चला वह परेशान हो गईं। उन्होंने ईष्ट देवी–देवताओं से ऋषभ की सलामती और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना की। गंगोलीहाट के पाली गांव निवासी ऋषभ पंत की दादी नंदी पंत अपनी बेटी बेटी सरस्वती पाटनी के साथ रहती हैं। शुक्रवार को जैसे ही उन्हें हादसे की सूचना मिली तो पिथौरागढ़ के सरस्वती विहार कॉलोनी में सभी परिजन परेशान हो गए। दादी नंदी पंत ने बताया कि उन्होंने ईष्ट देवता और कालिका माता का उचांण (भेंट) रखा है। ऋषभ के स्वस्थ होने पर पूरा परिवार पूजा–अर्चना के लिए गंगोलीहाट जाएगा।

# नए साल का जश्न मनाने ऋषिकेश पहुंचे सैलानी

**संवाददाता** ऋषिकेश। नए साल का जश्न मनाने के लिए भारी संख्या में सैलानियों ने तीर्थनगरी ऋषिकेश का रुख किया। हाईवे समेत संपर्क मार्गों पर पर्यटक वाहनों का दबाव बढ़ने से यातायात प्रभावित रहा। हालांकि लंबे जाम से लोगों को नहीं जूझना पड़े, इसके लिए पुलिस पुरी तरह से मुस्तैद रही। अचानक वाहनों की भीड़ बढ़ने पर रूट डायवर्ट कर व्यवस्था बनाई।

तीर्थनगरी ऋषिकेश में शनिवार सुबह से ही वर्ष 2022 की विदाई और वर्ष 2023 के स्वागत के जश्न के लिए दिल्ली, हरियाणा, गुरुग्राम समेत अन्य प्रांतों से पर्यटकों



की आमद रही। ऋषिकेश–हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग और हरिद्वार बाईपास मार्ग पर पर्यटक वाहनों का दबाव बढ़ने से यातायात पर असर नजर आया। जाम लगने से कई बार वाहन सरक–सरककर आगे बढ़े। खासकर हाईवे पर खदरी रेलवे फाटक, श्यामपुर पुलिस चौकी तिराहा, कोयलघाटी तिराहा, घाट चौक, दून तिराहा, चंद्रभागा पुल तिराहा, कैलासगेट, शिवानंद द्वार, तपोवन, ब्रह्मपुरी में जाम लगता रहा।

जाम की समस्या से निपटने को मुनिकीरेती, ऋषिकेश और लक्ष्मणझूला थाना पुलिस की ओर से पूर्व में तैयार ट्रैफिक प्लान पर अमल किया गया। भीड़ बढ़ने पर हरिद्वार से आने वाले वाहनों का हरिद्वार बाईपास मार्ग से नटराज चौक, ढालवाला, भद्रकाली तिराहा, तपोवन बाईपास पर रूट डायवर्ट किया गया।

ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए पुलिस और होमगार्ड के जवान मोर्चा संभाले रहे। इससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को जाम से कम जूझना पड़ा।

## 14 अप्रैल से आयोजित होगी गवर्नर्स गोल्फ कप प्रतियोगिता


**संवाददाता** नैनीताल। उत्तराखंड में गोल्फ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित होने वाली गवर्नर्स गोल्फ कप प्रतियोगिता का 14 अप्रैल से 16 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता को लेकर राज्यपाल के निजी सचिव रणजीत सिन्हा नैनीताल पहुंचे। उन्होंने गोल्फ मैदान का जायजा लिया। गोल्फ क्लब प्रभारी कर्नल हरीश साह ने बताया कोरोना संक्रमण के चलते बीते 2 सालों से नैनीताल में प्रतियोगिता का आयोजन नहीं हो पाया था। अब एक बार फिर से गोल्फ कप प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसकी राजभवन प्रबंधन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जल्द ही राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेनि. गुरमीत सिंह भी गोल्फ मैदान का निरीक्षण करेंगे। नैनीताल में आयोजित होने वाली गवर्नर गोल्फ कप प्रतियोगिता में भारत के गोल्फ खिलाड़ी पहुंचते हैं। इसके अलावा शहर के सौ से अधिक स्कूली छात्र–छात्राएं भी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हैं।

# कोविड–19 से मुश्किल में चीन

**इस महामारी की चुनौती से जुड़े अन्य अहम पक्षों को नहीं समझ सकी। नतीजा यह कि एक बिंदु के बाद लोगों का धैर्य जवाब दे गया और चीन के तमाम बड़े शहरों में सरकार की जीरो–कोविड पॉलिसी के खिलाफ जबर्दस्त प्रदर्शन शुरू हो गए।**

शांति वर्मा।।

चीन में बड़े शहरों की सड़कें फिर सूनी दिखने लगी हैं। इस बार मामला सरकार की ओर से लादी गई सख्त पाबंदियों का नहीं बल्कि कोरोना के केसों में तेज बढ़ोतरी से लोगों में फैली दहशत का है। चीन में शी चिनफिंग सरकार कोविड–19 की चुनौती से निपटने में बुरी तरह नाकाम होती दिख रही है। शुरू में उसने जीरो–कोविड पॉलिसी के तहत ऐसी सख्त पाबंदियां लगाईं कि लोग त्राहिमाम कर उठे। वे न तो कामकाज पर जा पा रहे थे और न उन्हें आवश्यक वस्तुओं की सही ढंग से आपूर्ति हो पा रही थी। इकॉनमी पर इसका बुरा असर पड़ रहा था, सो अलग। बार–बार अलग–अलग हलकों से यह बात कही जा रही थी कि चीन को दुनिया के अन्य देशों के इस महामारी से निपटने के अनुभवों का लाभ लेना चाहिए। लेकिन चीनी सरकार की ज्यादा दिलचस्पी यह साबित करने में थी कि उसकी नीति अन्य सभी देशों से बेहतर है। वह बस विभिन्न देशों में मृतकों की संख्या देखती रही। इस महामारी की चुनौती से जुड़े अन्य अहम पक्षों को नहीं समझ सकी। नतीजा यह कि एक बिंदु के बाद लोगों का धैर्य जवाब दे गया और चीन के तमाम बड़े शहरों में सरकार की जीरो–कोविड पॉलिसी के खिलाफ जबर्दस्त प्रदर्शन शुरू हो गए। आम लोगों का यह विरोध इतना तगड़ा था कि इसे दबाने की हर कोशिश नाकाम रही।



आखिर 7 दिसंबर को सरकार ने यह नीति वापस ले ली। सख्त पाबंदियां भी हटा ली गईं। मगर यह फैसला भी एक झटके में लिया गया। नतीजा यह कि लोग बड़ी संख्या में घरों से निकलने लगे, सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ लगने लगी और महामारी पहले से ज्यादा भीषण रूप में लौटी। सरकार के मुताबिक, 7 दिसंबर को जीरो कोविड पॉलिसी से जुड़ी सख्त पाबंदियां वापस लिए जाने के बाद से कोविड से एक भी मौत रिपोर्ट नहीं की गई है। लेकिन राजधानी पेइचिंग में अत्यधिक संक्रामक ओमिक्रॉन वेरिएंट का फैलाव कैटरिंग से लेकर पार्सल तक तमाम सेवाओं को बाधित कर रहा है। शवदाह गृहों और अंत्येष्टि स्थलों पर हाल यह है कि स्टाफ कम पड़ रहे हैं। चीन में कोविड की पहली लहर के मध्य दिसंबर से मध्य जनवरी के बीच आने के आसार हैं, जबकि दूसरी लहर जनवरी के आखिर से फरवरी के मध्य तक और तीसरी लहर फरवरी के आखिर से मध्य मार्च तक। यानी आने वाले वक्त में चीन में मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ सकती है। इसके अलावा, इकॉनमी के मोर्चे पर भी स्थिति और बिगड़ सकती है। IMF ने 2022 में चीन की जीडीपी ग्रोथ 3.2 फीसदी और 2023 में 4.4 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। लेकिन कोविड–19 की आने वाली लहरों से ग्रोथ और कम रह सकती है। इसका ग्लोबल इकॉनमी पर भी बुरा असर पड़ेगा, जो पहले से ही मंदी की ओर बढ़ रहा है।

## वृक्ष की छाया

**अशोक वोहरा।**

धर्म-दर्शन

यमपुरी के इन गांवों के नाम हैं इन गांवों के नाम हैं सौम्यपुर, सौरिपुर, गन्धर्वपुर, शैलगाम, क्रौंचपुर, विचित्र भवन, बह्वापदपुर, दु:खपुर, नानाक्रन्दपुर, सुतप्तभवन, रौद्रपुर, पयोवर्षणपुर, शीताढ्यपुर और बहुभीतिपुर। भगवान विष्णु ने गरुड़ से कहा है कि इन गांवों के मार्ग में न तो विश्राम के लिए वृक्ष की छाया है और न कहीं भोजन का प्रबंध, जिससे की जीवात्मा को राहत मिले। मार्ग में प्रलयकाल के समान कई सूर्य चमकते हैं जिससे पिण्ड से बना शरीर तपता रहता है। पीने के लिए जल की एक बूंद भी मार्ग में कहीं उपलब्ध नहीं है। इस मार्ग में एक असिपत्र नाम का वन है इस वन में कौआ, उल्लू, गीदघ, मधुमक्खी, मच्छर तथा कई जगह जंगल की आग है। इन सभी से पीड़ा पाते हुए प्रेतआत्मा कभी मल–मूत्र एवं रक्त के कीचड़ में गिरता है तो कभी अंधेरे कुएं में गिरकर छटपटाता है।

## संपादकीय

### क्या है इलाज

एक तो प्रदूषण रोकने के लिए साल दर साल कागजों पर ही निर्देश जारी हो रहे हैं, जिन्हें बेहद कड़ाई से जमीन पर उतारना होगा। कोयले से चलने वाले पावर प्लांटों को हर बार राहत मिल रही है। चीन के बाद भारत में सबसे अधिक कोल पावर प्लांट हैं, इनमें हर हाल में कमी लानी होगी। पब्लिक ट्रांसपोर्ट बढ़ाते हुए पराली पर शुद्ध शून्य की नीति अपनानी होगी। बायोमास से होने वाले उत्सर्जन के लिए भारत ने बायोमास को–फायरिंग का तरीका अपनाया है। 2020–21 में यह योजना आठ बिजली संयंत्रों से शुरू हुई और अब यह बढ़कर लगभग 39 हो गई है। बायोमास को–फायरिंग के तहत तापीय बिजली संयंत्रों में कोयले के साथ पराली और खेती से बेकार गई दूसरी चीजें जलाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक कोयला आधारित बिजली संयंत्रों में 5 से 7 फीसदी कोयले की जगह बायोमास जलाने से कार्बन डायॉक्साइड उत्सर्जन में 38 मिलियन टन की कमी आ सकती है। लेकिन पखवाड़े भर से आया स्मॉग बताता है कि यह योजना जमीन पर ढंग से नहीं उतर पा रही। प्राइवेट ही नहीं, सरकारी निर्माण कार्य भी बंद करने होंगे। और सबसे बड़ी बात यह कि एक–दूसरे पर दोषारोपण करने की जगह राजनीतिक दलों को आपस में मिल–बैठकर इसका समाधान तलाशना होगा।

भारत ने बायोमास यानी पराली, लकड़ी या कंडे जलाने से होने वाले उत्सर्जन का जिक्र नहीं किया है, जो दिल्ली–एनसीआर सहित समूचे उत्तर भारत में नवंबर की शुरुआत से ही स्मॉग का बड़ा कारण बना हुआ है।

# मूल वजह गायब

पूनम गौड़।।

हर साल की तरह इस साल भी नवंबर में दिल्ली समेत उत्तर भारत के अधिकांश शहरों में स्मॉग ने लोगों का दम घोटना शुरू कर दिया है। चिंता की बात तो यह है कि इजिप्ट के शर्म अल–शेख में जो कॉप 27 चल रहा है, उसमें जारी रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि दुनिया भर में जितना धुआं उठता है, उसमें सबसे ज्यादा बढ़ोतरी भारत में देखने को मिल सकती है। भारत के उत्सर्जन में इस साल छह फीसदी वृद्धि की आशंका जताई गई है।

कॉप 27 में पिछले हफ्ते जारी ग्लोबल कार्बन प्रॉजेक्ट की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के बाद दुनिया भर में सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन अमेरिका करता है। इसी मीटिंग में भारत ने कहा है कि कार्बन उत्सर्जन के लिए अकेले कोयले को दोष देना सही नहीं है, इसके लिए सभी तरह के जीवाश्म ईंधन, यानी तेल और गैस भी जिम्मेदार हैं। मगर भारत ने बायोमास यानी पराली, लकड़ी या कंडे जलाने से होने वाले उत्सर्जन का जिक्र नहीं किया है, जो दिल्ली–एनसीआर सहित समूचे उत्तर भारत में नवंबर की शुरुआत से ही स्मॉग का बड़ा कारण बना हुआ है।

इस बारे में बस एक छोटी सी जानकारी यह मिलती है कि इंडियन ऑयल ने वहां एक स्टॉल लगाकर पूरी दुनिया को बताया है कि कैसे वह खाना पकाने के लिए लोगों को स्वच्छ ईंधन देने की कोशिश कर रही है।



इसी महीने दिल्ली–एनसीआर में प्रदूषण की वजह से लॉकडाउन जैसे हालात बन गए थे। स्कूलों को बंद करना पड़ा था, निर्माण कार्य बंद रहे। बीएस–4 डीजल की गाड़ियां भी बंद कर दी गई थीं। कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम की सलाह तो अब भी दी जा रही है। ग्लोबल कार्बन प्रॉजेक्ट की रिपोर्ट बता रही है कि अगले साल भी यह मुसीबत शायद ही कम हो– भारत में 2000–2021 के दौरान कोयले क्षेत्र से होने वाला उत्सर्जन तीन गुना बढ़कर 1.8 गीगाटन कार्बन डायॉक्साइड के बराबर हो गया है।

रिपोर्ट से जुड़े वैज्ञानिकों के मुताबिक, भारतीय उत्सर्जन में जो छह फीसदी की वृद्धि होगी, उसमें पांच फीसदी की वजह तो अकेले कोयला ही है। भारत में प्राकृतिक गैस से होने वाला उत्सर्जन 2022 के दौरान 4 फीसदी गिर सकता है, मगर कुल उत्सर्जन में इसका हिस्सा बहुत कम है क्योंकि भारत में इस गैस का इस्तेमाल बहुत कम होता है। दूसरी ओर सीमेंट उद्योग से होने वाला उत्सर्जन बढ़ सकता है। सैटलाइट के मुताबिक इस साल पंजाब में पराली जलाने की घटनाएं बीस फीसदी तक बढ़ चुकी हैं। इस साल की खरीफ कटाई में पंजाब में पराली जलाने का आंकड़ा 40677 पार कर गया है।

### सूडोकू बवाल-5332

वरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू बवाल -5331 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

## अपना ब्लॉग

### बीटी कॉटन के अनुभव

**मोहन।** पिछले 17 वर्षों से बीटी कपास के उत्पादन में कोई खास वृद्धि नहीं हुई है। फिर भी किसानों को दिवास्वप्न दिखाए जा रहे हैं कि कीटनाशकों का छिड़काव कम होने से लागत में कमी आएगी और प्रति हेक्टेयर उत्पादन में वृद्धि होगी। कृषि मामलों की संसदीय समिति अपनी 37वीं रिपोर्ट में बता चुकी है कि बीटी कॉटन की व्यावसायिक खेती करने से कपास उत्पादकों की माली हालत बजाय सुधरने के और बिगड़ गई। बीटी कॉटन में कीटनाशकों का अधिक उपयोग करना पड़ा। महाराष्ट्र में पिछले दिनों कपास को कीड़े से बचाने की जुगत में किसानों ने अनजाने में मौत को गले लगा लिया। कुछ दिनों में ही महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में 20 से अधिक किसानों की मौत हो चुकी है। इन मौतों का कारण किसानों द्वारा खरीदा गया वह कीटनाशक बताया गया है, जिसे उन्होंने फसलों पर कीड़े खत्म करने के लिए छिड़का था। बीटी कपास की खेती के लिए आवश्यक कीटनाशक का प्रचार करते हुए किसानों को यह नहीं बताया गया कि इसे इस्तेमाल करते समय किन चीजों का खास ध्यान रखना चाहिए।






## शीजान खान को कोर्ट से बड़ा झटका, एक बार फिर नहीं मिली जमानत

एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा मौत मामले में शीजान खान को एक बार फिर जमानत नहीं मिली है। वसई कोर्ट ने एक्टर की पुलिस कस्टडी एक दिन और बढ़ा दी है। अब शीजान खान शनिवार तक पुलिस कस्टडी में हैं। शनिवार को अब तीसरी बार फिर से कोर्ट में शीजान की जमानत पर सुनवाई होगी। कोर्ट में शुक्रवार को पुलिस ने शीजान खान को पेश और कस्टडी बढ़ाने की मांग की। पुलिस ने कोर्ट में कहा कि वह जांच का दायरा बढ़ा रही है। तुनिषा का फोन अब तक लॉक था। गुरुवार को एप्पल ने फोन अनलॉक किया है। वह तुनिषा के फोन में वॉट्सऐप चैट्स खंगाल रही है। उम्मीद है कि मामले में उसे नया सुराग मिलेगा। सुनवाई के बाद कोर्ट ने शीजान की कस्टडी एक और दिन बढ़ाने का फैसला सुनाया। कोर्ट में पुलिस ने एक बार फिर कहा कि ेमग्रंद ख्रींद जांच में पूरी तरह सहयोग नहीं कर रहे हैं। शीजान के फोन से वॉट्सऐप चैट्स की जो 300 पन्नों की फाइल तैयार की है, उसमें कई चैट्स डिलीट किए गए हैं।

## उर्वशी रौतेला को सताई अस्पताल में भर्ती ऋषभ पंत की चिंता?

शुक्रवार ब्लैक फ्राइडे साबित हुआ है। पीएम मोदी की मां से लेकर फुटबॉल पेले के निधन का दुख जरा कम भी नहीं हुआ था कि ऋषभ पंत के भयंकर एक्सीडेंट ने झकझोर कर रख दिया। इंडिया के दमदार क्रिकेटर ऋषभ पंत का खतरनाक एक्सीडेंट हुआ। उनकी गाड़ी धू-धू करके जल गई और वह हादसे के वक्त गाड़ी का शीशा तोड़कर बाहर निकले। इस दुर्घटना की कई तस्वीरें सामने आई है जिसे देख किसी का भी दिल दहल जाए। इस खबर को सुन बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला का भी रिएक्शन सामने आया है। ऋषभ और उर्वशी का नाम जुड़ चुका है। अब उर्वशी ने बिना ऋषभ का नाम लिए एक्टर के लिए दुआएं मांगी है। ऋषभ पंत की जब एक्सीडेंट की खबरें आईं तो उसके कुछ समय बाद उर्वशी रौतेला ने बिना नाम लिए उनके लिए पोस्ट किया। बेशक एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में क्रिकेटर का नाम न लिखा हो लेकिन तमाम फैंस समझ गए कि ये पोस्ट किसके लिए है। उर्वशी रौतेला ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर शेयर की। इस पर वह लिखती हैं- दुआ करती हूं। हैशटैग में उर्वशी रौतेला और #UR1 लिखती हैं। उन्होंने कहा कि ये पोस्ट ऋषभ के लिए है। वहीं कुछ ने एक्ट्रेस की तारीफ की कि कैसे उन्होंने अपने अंदाज में क्रिकेटर के लिए दुआएं मांगी।

## बिग बॉस के अंकित गुप्ता का नया वीडियो आया सामने



बिग बॉस 16 के कंटेस्टेंट अंकित गुप्ता घर से बाहर हो चुके हैं। घर से निकलने के बाद उनका एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें उनके साथ होटल रूम में एक महिला नजर आ रही थीं। सोशल मीडिया पर अंकित का ये वीडियो काफी वायरल हुआ था। जिसमें फैंस जानना चाहते थे कि आखिर अंकित संग नजर आई वह लड़की कौन है। नवभारत की एक्सक्लूसिव खबर ने इस बारे में जानकारी भी दी थी। ये जानकारी एकदम सही थी अब खुद अंकित ने भी इस पर मुहर लगा दिया है। जी हां, उनके कमरे में जो लड़की नजर आ रही थी वह कौन है, इस बारे में उन्होंने सफाई दी है। इंस्टाग्राम लाइव पर अंकित ने खुद इस वायरल क्लिप के बारे में विस्तार से बताया। बीते दिनों अंकित गुप्ता का क्लिप ट्विटर पर जमकर वायरल हुआ जिसमें वह एक होटल रूम में जूम के जरिए इंटरव्यू दे रहे थे। इस बातचीत के दौरान उनके कमरे के बेड पर लड़की की झलक दिखाई दी। जिसके बाद अंकित पर तरह तरह के सवाल खड़े हो रहे थे। लोगों ने कमेंटबाजी करना शुरू कर दिया था कि प्रियंका चाहर चौधरी का पत्ता कट गया है। अब इन सब गफलत के बीच अंकित गुप्ता ने पूरा सच बताया है।

# प्रभास की गर्लफ्रेंड के बारे में राम चरण ने किया खुलासा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*सिनेमा की दुनिया के बाहुबली प्रभास की गर्लफ्रेंड कौन है? यह एक ऐसा सवाल है, जो फैंस के लिए हमेशा से कौतूहल का कारण रहा है। ज्यादा दिन नहीं हुए जब यह चर्चा बड़ी जोर-शोर से चल पड़ी की कृति सेनन और प्रभास एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों आदिपुरुष फिल्म में साथ काम कर रहे हैं। तब खबर तो यहां तक आई कि प्रभास ने कृति सेनन को फिल्म के सेट पर प्रपोज किया है और दोनों जल्द शादी करने वाले हैं। लेकिन अब साउथ के सुपरस्टार और आरआरआर फेम राम चरण ने कुछ ऐसा खुलासा किया है, जिससे लाखों-करोड़ों दिल टूटने वाले हैं।*

**नंदामुरी बालकृष्ण के शो में राम चरण ने खोली पोल**

हाल ही नंदामुरी बालकृष्ण के टॉक शो अनस्टॉपेबल में पहुंचे थे। शो के एक सेगमेंट में प्रभास की जिंदगी से जुड़े सीक्रेट्स जानने के लिए राम चरण को फोन लगाया गया। अब इस फोन कॉल वाले सेगमेंट का क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें राम चरण साफ शब्दों में कहते हैं कि प्रभास का सबसे बड़ा सीक्रेट यही है कि वह सिंगल हैं और उनका किसी से कोई लव अफेयर नहीं है।

**राम चरण ने किया मजाक, प्रभास बोले- दोस्त हो या दुश्मन**

प्रभास का यह एपिसोड शुक्रवार को ही रिलीज हुआ है। एपिसोड के इस हिस्से में बालकृष्ण के कहने पर प्रभास अपने साथी Ram Charan को फोन लगाते हैं। बालकृष्ण जानना चाहते थे कि प्रभास



की लाइफ में कोई लड़की है या नहीं? फोन कॉल पर राम चरण इस बात की पुष्टि करते हैं कि प्रभास के जीवन में फिलहाल कोई लड़की नहीं है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर मजाकिया लहजे में यह भी कहा कि प्रभास जल्द ही सबको कोई गुड न्यूज दे सकते हैं। जैसे ही राम चरण ने यह कहा, प्रभास ने भी तपाक से कहा कि वह उनके दोस्त हैं या दुश्मन।

**प्रभास और राम चरण की बान्डिंग देख फैंस खुश**

शो के दौरान प्रभास और राम चरण की बॉन्डिंग देख फैंस बेहद खुश हुए हैं। एक फैन ने लिखा, श्उनकी बॉन्डिंग कमाल की है। यह प्रभास और चरण दोनों के फैंस के लिए किसी पार्टी जैसा माहौल है। एक अन्य ने लिखा है, श्पूरे शो का यह सबसे अच्छा हिस्सा है। हमें नहीं पता था कि दोनों इतने करीबी दोस्त हैं।

**सालार और आदिपुरुष की रिलीज का है इंतजार**

वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रभास इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म सालार की शूटिंग में बिजी हैं। केजीएफ की बंपर सक्सेस के बाद डायरेक्टर प्रशांत नील की इस फिल्म से फैंस को भी खूब उम्मीदें हैं। इस फिल्म में श्रुति हासन पहली बार प्रभास के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। इसके साथ ही प्रभास, सैफ अली खान और कृति सेनन स्टारर आदिपुरुष की भी रिलीज का इंतजार है। फिल्म के टीजर आने के बाद इसको लेकर हंगामा मचा, जिसके बाद फिल्म की रिलीज पोस्टपोन हो गई है। चर्चा है कि यह फिल्म 2023 के मध्य में कभी भी रिलीज हो सकती है।

# तुनिषा की मौत के बाद ऑफ एयर हो जाएगा अली बाबा?

*अली बाबा- दास्तान ए काबुल, चैप्टर 1 की लीड एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा के सुसाइड के बाद इस शो के ऑफ एयर जाने की बात की जा रही है। दरअसल, तुनिषा की मौत के बाद लीड एक्टर शीजान भी जेल में हैं। मेकर्स के पास अभी कुछ एपिसोड्स बैकअप में हैं, जिन्हें ऑनएयर किया जाएगा। लेकिन अब इसके बाद मेकर्स ने प्लॉनिंग के तहत कई बड़े फैसले लिए हैं।*



टीवी शो अली बाबा-दास्तान ए काबुल के मेन लीड्स का ऐसा हाल किसने सोचा था। इस शो में शीजान खान अली बाबा और एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा शहजादी के रोल में थीं। तुनिषा ने मौत को गले लगाया और शीजान जेल में हैं। ऐसे में शो के मेकर्स की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शो के कैरेक्टर्स भी शूट पर आने से डर रहे हैं, वहीं इसकी कहानी को भी धीरे- धीरे नए ट्रैक की तरफ मोड़ने की कोशिश हो रही है। हालांकि एकाएक मेन लीड के बिना शो चलाना आसान नहीं है। ऐसे में मेकर्स ने कई बड़े फैसले लिए हैं।

**अहफ एयर होगा शो!**

तुनिषा ने मेकअप रूम में सुसाइड किया था, जिसके बाद सेट पर डर का माहौल है। टीम के लोग शूटिंग सेट पर आने से कतरा रहे हैं। वहीं मेकर्स को हर रोज काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में शो के ऑफ एयर होने का ऐलान कर दिया गया है। वहीं बैकअप में मौजूद कुछ एपिसोड्स को ऑनएयर कर कहानी को नए ट्रैक पर ले जाने की कोशिश की जा रही है।

**चैप्टर 2 की तैयारी**

अली बाबा- दास्तान ए काबुलश के चैप्टर 1 में तुनिषा और शीजान की जोड़ी को काफी पसंद किया जा रहा था। लेकिन एक्ट्रेस की मौत के बाद शो को बंद करने का फैसला भी ले लिया गया है।

**शीजन को रिप्लेस करेंगे अभिषेक**

जिस तरीके के हालात चल रहे हैं, ऐसे में टीवी शो अली बाबा- दास्तान ए काबुल के चौप्टर 2 में शीजान खान के वापसी की बात भी कोई नहीं कर रहा। चैप्टर 2 में नए चेहरे ही नजर आएंगे। जिनमें एक नाम अभिषेक निगम का लिया जा रहा है। हालांकि मेकर्स और खुद अभिषेक की ओर से अभी तक इस बात की कोई कन्फर्मेशन नहीं आई है।

# ये फूड करते हैं खट्टी डकार, सीने में जलन–बेचैनी

*एसिडिटी सामान्य तौर पर ज्यादा तेल–मसाले वाले फूड, ओवरइटिंग, लो फाइबर डाइट का नतीजा होता है। इसे मेडिकल भाषा में गैस्ट्रोइसोफेजियल रिफलक्स डिजीज के नाम से, और आयुर्वेद में अम्ल पित्त के नाम से जाना जाता है। इसमे खट्टी डकार, गले में खट्टा पानी आना, सीने में जलन, घबराहट, डकार के साथ खाना गले में आने जैसे लक्षण महसूस होते हैं।*



**जिम्मेदार खाद्य पदार्थों से परहेज**
फूड एक्सपर्ट न्यूट्रिशनिस्ट लवनीत बत्रा बताती हैं कि एसिडिटी की समस्या होने पर जिम्मेदार खाद्य पदार्थों से परहेज करने के बावजूद, आप एसिडिटी का अनुभव कर सकते हैं। ऐसे में जरूरी है ऐसे एंटासिड और अन्य ओटीसी उत्पाद का सेवन करना जो पेट के एसिड को कंट्रोल करने और एसिड रिफ्लक्स से राहत प्रदान करने में मदद करते हैं।

**चावलः** एसिडिटी की समस्या से निपटने के लिए चावल, पास्ता जैसे ब्लैंड स्टार्च वाले फूड अच्छे विकल्प होते हैं। यह खाद्य पदार्थ पेट की परत को नरम बनाने का काम करते हैं। एक्सपर्ट बताती हैं कि कुछ शोधों में यह भी कहा गया है प्रीबायोटिक फाइबर की उपस्थिति के कारण चावल हार्टबर्न जैसे लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है।

**केलाः** केला पोटेशियम का बेहतरीन स्रोत है, जिसके कारण यह बॉडी में एसिड के संतुलन को बनाए रखता है। इसके अलावा केला एक क्षारीय फल है, जो पेक्टिन नामक एक घुलनशील फाइबर से भरपूर होता है। यह आंतों में भोजन को आगे बढ़ाने में मदद करता है। जिससे कब्ज की समस्या नहीं होती है।

**खीराः** खीरा एक क्षारीय सब्जी है, जो बॉडी में पीएच लेवल को बढ़ाकर एसिडिटी से राहत दिलाने में मदद करता है। साथ ही, खीरे में लगभग 95 प्रतिशत पानी मौजूद होता है। जिसके कारण इसके सेवन से डिहाइड्रेशन के लक्षणों से भी बचाव होता है।

**सब्जा के बीज**
सब्जा के बीज शरीर को नेचुरल रूप से ठंडा रखने का काम करते हैं। ऐसे में एसिडिटी या हार्टबर्न से राहत पाने के लिए इसका सेवन फायदेमंद साबित हो सकता है। एक्सपर्ट बताती हैं कि जब सब्जा के बीज को पानी में भिगोया जाता है, तो उसमें श्लेष्मा की मात्रा बढ़ जाती है और वे आपके पेट में अतिरिक्त एसिड को कम करने में मदद करती है।

**जड़ वाली सब्जियां**
जड़ वाली सब्जियों में भरपूर मात्रा में स्टार्च पाया जाता है। साथ ही इन सब्जियों में स्वस्थ जटिल कार्ब्स और सुपाच्य फाइबर भी मौजूद होते हैं, जो हार्टबर्न जैसे लक्षणों को ट्रिगर नहीं करते हैं। लेकिन ध्यान रखें कि इन्हें अतिरिक्त तेल या मसालों के साथ न पकाएं, क्योंकि वे एसिड रिफ्लक्स को ट्रिगर कर सकते हैं।




## कैसा चावल खाना चाहिए? चावल की 3 पहचान

भारत में उत्तर से लेकर दक्षिण और पूर्व से लेकर पश्चिम तक चावल का सेवन किया जाता है। लेकिन बहुत कम लोग असली और बढ़िया चावल को पहचान पाते हैं। न्यूट्रिशनिस्ट जूही कपूर ने पौष्टिक और शुद्ध चावल की 3 खासियतों के बारे में जानकारी दी है। चावल के कई प्रकार होते हैं। जहां अधिकतर लोग सफेद चावल खाते हैं, वहीं कुछ लोग रेड राइस, ब्लैक राइस या ब्राउन राइस खाना पसंद करते हैं। इन सभी प्रकारों में अलग–अलग पोषण हो सकता है। लेकिन हर प्रकार में 3 खासियत जरूर होनी चाहिए। अगर चावल का रंग बहुत ज्यादा सफेद या चमकदार है, तो यह बहुत ज्यादा प्रोसेस्ड और केमिकल से रिफाइंड होगा। हाथ से निकाला गया चावल हल्के से भूरे रंग या फीका सफेद रंग का होता है। अगर चावल का टेक्सचर बहुत ज्यादा स्मूथ है या सभी दाने बिल्कुल बराबर साइज व शेप के हैं, तो यह बहुत ज्यादा रिफाइंड और प्रोसेस्ड होने की निशानी है। जबकि हाथ से निकाले गए चावल पर धान का हिस्सा हो सकता है और उनका शेप एक जैसा नहीं होता। न्यूट्रिशनिस्ट जूही कपूर के मुताबिक, आपको अपने क्षेत्र व राज्य के आसपास उगा हुआ चावल ही खरीदना चाहिए। क्योंकि, यह शुद्ध और ज्यादा पौष्टिक होता है।

## फूड में हफ्तों चिपका रहता है कोविड–19 वायरस, बॉडी होने लगेगी खोखली

कोरोना वायरस महामारी आज लगभग तीन साल बाद भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। ओमीक्रोन के सब–वेरिएंट बीएफ.7 ने हाल ही में चीन में तबाही मचा दी है। अब धीरे–धीरे यह वायरस भारत समेत दुनिया कई देशों में फैल रहा है। एक्सपर्ट बताते हैं कि इस वेरिएंट से ग्रसित व्यक्ति एक साथ 18 लोगों को संक्रमित कर सकता है। जिससे देश में चौथी लहर की संभावना बढ़ गयी है। इस बीच वायरस के फैलने के सोर्स पर हुई एक स्टडी में यह खुलासा हुआ है कि कोविड वायरस कई दिनों तक कुछ तरह के फूड्स में चिपके हो सकते हैं। स्टडी में सामने आया कि संक्रामक वायरस कई घंटों तक क्रोइसैन और अन्य पेस्ट्री के शीर्ष पर पाया जा सकता था, लेकिन यह एक दिन के बाद गायब होने लगते हैं। इसके पीछे की वजह खोजने पर यह पता चला कि लिक्विड एग वॉश कवरिंग वायरस को फैलने से रोकता है। क्योंकि अंडे में मौजूद अरकिडोनिक एसिड और अन्य असंतृप्त फैटी एसिड में एंटीवायरल गुण होते हैं।

## ये छोटे–छोटे काम, पूरे साल छू भी नहीं पाएगी कोई बीमारी

नया साल 2023 बस आने वाला है। आने वाले साल के लिए हर किसी के कुछ प्लान होंगे। कोई धूम्रपान छोड़ने वाला होगा तो कोई वेट लॉस करने की सोच रहा होगा। लेकिन क्या आप आयुर्वेदिक टिप्स अपनाने वाले हैं? ये आयुर्वेदिक टिप्स आपको पूरे साल स्वस्थ रखने में मदद करेंगे। डायजेशन और पोषण का इस्तेमाल करना जैसे मेटाबॉलिक और बायोलॉजिकल फंक्शन के लिए सूरज की रोशनी बहुत जरूरी है। इसलिए सुबह जल्दी उठकर इसे पर्याप्त मात्रा में प्राप्त करें। यह छोटी–सी आदत आपकी सेहत और जिंदगी बदल सकती है। खाना बनाना बोरिंग काम नहीं है, बल्कि अपना ख्याल रखने का यह बेस्ट तरीका है। खुद खाना बनाने से जहां शरीर को पोषण मिलता है, वहीं तनाव दूर करने में भी मदद मिलती है। हमारी इन्द्रियां शरीर के लिए खिड़की का काम करती हैं, जो संसार को अनुभव करने में मदद करती हैं। इसलिए आंख, नाक, कान, जीभ और त्वचा का ध्यान रखें। जीभ को खुरचकर गंदगी हटाना, कान में तिल के तेल की बूंद डालना जैसे आयुर्वेदिक टिप्स इन्द्रियों के लिए अच्छे होते हैं।आयुर्वेदिक डॉक्टर कहती हैं कि हमारा शरीर काफी समझदार है। वह जरूरत के हिसाब से हमें संकेत देता है कि कब क्या करना चाहिए। इसलिए समय पर खाएं, समय पर पेट साफ करें और मन करे तो रो भी लें।

# खुले में और घर पर योग करने में क्या है अंतर?

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*योग आपके जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इसे धीरे–धीरे करना चाहिए। योग का अभ्यास जल्दी करने से इसे अनुभव नहीं किया जा सकता। योग में सांस को सही तरीके से लेना और छोड़ना जरूरी है। यह आपके दिमाग, शरीर और आत्मा के लिए एक कसरत है। मैडोना को दुनिया में कहीं भी किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। म्यूजिक के अलावा उन्हें पश्चिमी देशों में योग फैलाने का श्रेय भी दिया जाता है। क्योंकि, उन्हें देखकर उनके फैन्स ने भी योग को गले से लगाया। भारत की इस देन से दुनियाभर में 300 मिलियन से अधिक लोग फायदा उठा रहे हैं।*

**योग करने के कई तरीके हैं**
कुछ इसका अभ्यास खुले मैदान में दूसरों के साथ करना पसंद करते हैं, तो कुछ घर में अकेले रहकर योग करना चाहते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि योग का कौन–सा तरीका बेहतर है? इसके बारे में फिटनेस एक्सपर्ट और ग्रेवोलाइट के निदेशक वैभव सोमानी ने जानकारी दी है।

**खुले में योग करना क्या है?**
खुले में योग करना प्रकृति में शामिल होने की तरह है। इस तरीके से आप हवा, सूरज, रेत और पानी जैसे प्राकृतिक तत्वों के साथ संबंध विकसित करते हैं।





**घर पर योग करना क्या है?**
भागदौड़, नींद पूरी ना होना, समय की कमी या किसी उचित जगह के ना होने के कारण घर में योग किया जा सकता है। घर में योग करने पर नियमित्ता को सुनिश्चित किया जा सकता है।

**कौन–सा तरीका है बेहतर?**
अगर योग खुली हवा में किया जा रहा है, तो वह घर पर हो या खुले मैदान में, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। योग करने की विधा और ध्यान लगाने पर ज्यादा गौर करना चाहिए। इन दोनों तरीकों में से आपको जो भी पसंद हो, वैसे योग करें।

**खुले में योग करने के फायदे**
■खुले में योग करने से पर्याप्त ऑक्सीजन मिलती है।
■जगह की कमी नहीं होती और कोई भी पसंदीदा योगासन कर सकते हैं।
■कार्डिएक फंक्शन बढ़ता है।
■लोगों के बीच ध्यानकेंद्रित होना पड़ता है, जो कि दिमागी कसरत है।
■घास व जमीन पर पैरों–हाथों का संपर्क होने से मानसिक शांति मिलती है।

**घर पर योग करने के फायदे**
■घर पर योग अंतर्मुखी लोगों के लिए एक बढ़िया विकल्प है।
■कुछ योगासनों को खुले क्षेत्रों में करने में संकोच हो सकता है।
■जिस कमी को यह तरीका खत्म करता है।
■बेखौफ और बेरोकटोक ध्यान लगा सकते हैं।



## सात दिन के शोक की घोषणा

स्टेडियम के परिसर में पेले की तस्वीर रखी हुई थी जिसमें लोगों ने फूल चढ़ाकर इस दिग्गज फुटबॉलर को श्रद्धांजलि दी। ईस्ट बंगाल के अध्यक्ष प्रणव दासगुप्ता ने पत्रकारों से कहा, 'पेले विश्व में खेलों के राजा थे। उनके निधन से हम सभी और विश्व भर के खेल प्रेमी दुखी हैं। लगता नहीं है कभी उनकी जगह भर पाएगी।' इस बीच अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पेले की उपलब्धियों को याद करते हुए सात दिन के शोक की घोषणा की।

# पेले के निधन पर शोक में डूबा कोलकाता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलरों में से एक और 45 साल पहले कोलकाता में मैच खेलने वाले पेले के निधन पर फुटबॉल के दीवाने इस महानगर में भी शोक की लहर छा गई। पेले का कैंसर से जूझने के बाद ब्राजील के साओ पाउलो के एक अस्पताल में निधन हो गया था। मोहन बागान के लिए यह काला दिवस था क्योंकि यह देश का एकमात्र क्लब है जिसके खिलाफ तीन बार के विश्व कप विजेता पेले ने एक प्रदर्शनी मैच में हिस्सा लिया था। पेले के निधन के कारण मोहन बागान ही नहीं उसके चिर प्रतिद्वंदी ईस्ट बंगाल और मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने भी अपने झंडे आधा झुका दिये। मोहन बागान के सचिव देवाशीष दत्ता ने घोषणा की कि उनके क्लब में जल्द ही एक पेले गेट होगा। दत्ता ने कहा, 'हमने पहले ही इसकी घोषणा कर दी है और इस पर जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। उम्मीद है कि जल्द ही इसे आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा।' दत्ता ने उस दिन को भी याद किया जब ईडन गार्डंस में खेले गए मैच में मोहन बागान 2–1 से जीत दर्ज करने की स्थिति में था।

# नए साल पर लगेगी रोहित शर्मा और द्रविड़ की क्लास

क्रिकेट

## 2023 विश्व कप के खाके पर चर्चा होने की उम्मीद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी एक जनवरी को कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ के साथ टी20 विश्व कप में भारत के लचर प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे। द्रविड़ की अनुपस्थिति में भारतीय टीम के साथ रहे एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के भी बैठक में शामिल होने की उम्मीद है। श्रीलंका के खिलाफ तीन जनवरी से शुरू हो रहे सीमित ओवरों के मैच से पहले मुंबई में यह बैठक होनी है।

इंग्लैंड ने विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत को 10 विकेट से हराया था। भारत आखिरी बार 2013 के आईसीसी प्रतियोगिता का चौंपियन बना था। टीम ने तब महेन्द्र सिंह धोनी के नेतृत्व में चौंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया



था। घरेलू सरजमीं पर भारतीय टीम ने 2011 में आईसीसी विश्व कप का खिताब जीता था।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के बीसीसीआई पदाधिकारियों के साथ भारत के प्रदर्शन का विश्लेषण करने की उम्मीद है। इस दौरान 2023 विश्व कप के खाके पर चर्चा होने की उम्मीद है। भारतीय टीम के टी20 विश्व कप अभियान के बाद चेतन शर्मा के नेतृत्व वाली चयन समिति को बर्खास्त कर दिया गया था। नई समिति का गठन नहीं होने के कारण हालांकि उन्हें रणजी ट्रॉफी के मैचों पर नजर रखने और श्रीलंका के खिलाफ तीन टी–20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैचों की सीरीज के लिए टीम चुनने की जिम्मेदारी दी गई।

**बड़े टूर्नामेंटों में भारत का बुरा हाल:** यूएई में हुए टी20 विश्व कप में से ही भारतीय टीम का बड़े टूर्नामेंटों में बुरा हाल रहा है। विश्व कप 2021 में तो टीम इंडिया लीग चरण से ही बाहर हो गई थी। इसके बाद विराट कोहली ने टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। नए कप्तान रोहित से उम्मीद थी कि हालात में सुधार होंगे लेकिन बायलेटरल सीरीज को छोड़कर टीम का प्रदर्शन अधिकतर निराशाजनक ही रहा।

साल 2022 में टीम इंडिया को एशिया कप में नॉकआउट स्टेज में करारी हार का सामना करना जिसका नतीजा यह हुआ कि वह खिताबी रेस से बाहर हो गई। इसके बाद उम्मीद ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 विश्व कप से थी लेकिन यहां टीम सेमीफाइनल में इंग्लैंड से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो सऊदी अरब के इस क्लब में हुए शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। पुर्तगाल के सुपर स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो मोटी धनराशि पर सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल नासर से जुड़ गए हैं जिसे मध्य पूर्व के फुटबॉल के लिए बड़ी घटना माना जा रहा है लेकिन इससे यूरोप का दिग्गज खिलाड़ी खेल के शीर्ष मंच से गायब हो जाएगा। अल नासर ने पांच बार के बैलन डिओर विजेता रोनाल्डो की तस्वीर सोशल मीडिया पर जारी की है जिसमें वह टीम की जर्सी पकड़े हुए हैं। रोनाल्डो ने इससे पहले इस क्लब के साथ जून 2025 तक करार किया।

क्लब ने कहा, 'इस करार से न सिर्फ क्लब को अच्छी सफलताएं हासिल करने की

### स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को मिला नया क्लब

प्रेरणा मिलेगी बल्कि इससे हमारी लीग, हमारे देश और भविष्य की पीढ़ियों को भी सर्वश्रेष्ठ करने की प्रेरणा मिलेगी।' इस 37 वर्षीय फुटबॉल स्टार का यह करियर का अंतिम करार हो सकता है जिसके लिए उन्हें मोटी धनराशि मिलेगी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पुर्तगाल का यह स्टार इस करार से प्रतिवर्ष 200 मिलियन डॉलर (लगभग 17 अरब रुपये) की कमाई कर सकता है जिससे वह फुटबॉल के इतिहास में सर्वाधिक भुगतान पाने वाला खिलाड़ी बन जाएगा।

रोनाल्डो ने एक बयान में कहा कि वह एक अलग देश में नई फुटबॉल लीग का अनुभव हासिल करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, 'मैं भाग्यशाली हूं कि मैंने यूरोपीय फुटबॉल में वह सब हासिल किया जो मैं कर सकता था और मुझे लगता है कि एशिया में अपना अनुभव साझा करने का यह सही समय है।' रोनाल्डो के लिए कतर में खेला गया विश्व कप निराशाजनक रहा था जहां उन्हें नॉकआउट दौर के मैचों में शुरूआती एकादश में शामिल नहीं किया गया था।


पुर्तगाल की क्वॉर्टर फाइनल में मोरक्को के हाथों हार के बाद वह रोते हुए मैदान से बाहर निकले थे। रोनाल्डो इससे पहले मैनचेस्टर यूनाइटेड और रियाल मैड्रिड जैसे चोटी के फुटबॉल क्लबों की तरफ से खेलते रहे हैं जिनके साथ उन्होंने चैंपियंस लीग के खिताब भी जीते।

# शाहिद अफरीदी की बड़ी बेटी का हुआ निकाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और मौजूदा टीम सिलेक्टर शाहिद अफरीदी के घर शहनाई गूंजी। उनकी सबसे बड़ी बेटी अक्सा अफरीदी का निकाह 30 दिसंबर को कराची में एक शानदार आयोजन में नसीर नासिर खान के साथ हुआ। इस शादी में अफरीदी के होने वाले दामाद और पाकिस्तानी तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी भी शामिल हुए। शादी के दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में शाहिद अफरीदी के साथ शाहीन खड़े दिख रहे हैं, जबकि मौलवी नासिर को निकाह पढ़वाते दिख रहे हैं। शाहीन चोट की वजह से लंबे समय से क्रिकेट से बाहर हैं और पाकिस्तानी क्रिकेट लीग पीएसएल से वापसी की उम्मीद है। रिपोर्ट्स की मानें तो अक्सा के बाद अंशा की शाहीन अफरीदी के साथ जल्द निकाह होगा। यह कार्यक्रम भी कराची में ही होगा। बता दें कि शाहिद की 5 बेटियां हैं। उनके नाम अंशा आफरीदी, अक्शा अफरीदी, असमारा आफरीदी, अज्वा आफरीदी और अरवा आफरीदी है।

## न्यूज डायरी





### रुड़की यहीं तो है, कुछ देर में पहुंच जाऊंगा कहकर दिल्ली से चले थे पंत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ड्राइविंग के शौकीन ऋषभ पंत गुरुवार रात करीब 12 बजे जब दिल्ली से रुड़की के लिए रवाना हो रहे थे, तब उन्हें उनके करीबियों ने इतनी रात को जाने से मना किया था। यह भी कहा कि किसी को साथ में ले लें। लेकिन, पंत का कहना था–ये तो रहा रुड़की, अभी पहुंच जाऊंगा। हालांकि, होनी को कुछ और ही मंजूर था। पंत के पुराने क्लब सोनेट के कोच देवेंद्र शर्मा ने बताया कि दिल्ली प्रवास के दौरान ऋषभ अमूमन उनके साथ होते हैं। वह गुरुवार को दिल्ली में नहीं थे। अगर वह दिल्ली में होते तो इतनी रात को उन्हें जाने ही नहीं देते। उन्होंने कहा, 'मैंने कई बार ऋषभ से कहा था कि गाड़ी खुद न चलाया करें। ड्राइवर हमेशा साथ रखें। लेकिन उन्हें गाड़ी चलाने का काफी शौक है। वह पहले भी कई बार रुड़की अकेले जा चुके हैं। मैं उनकी मां से संपर्क में हूं। उनकी अभी तक की सारी रिपोर्ट्स सही हैं और चिंता जैसी कोई बात नहीं है।' प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ऋषभ की कार रेलिंग से जा टकराई, जिसके बाद कार में आग लग गई।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पाकिस्तान के कप्तान पर पत्रकार ने निकाली भड़ास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कराची में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच खेला गया पहला टेस्ट मैच ड्रॉ पर खत्म हुआ। इस मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम से पत्रकारों ने कुछ सवाल किए। लेकिन इस दौरान बाबर काफी गुस्से में नजर आए और उनका एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल बाबर से एक पत्रकार लगातार सवाल पूछने की कोशिश कर रहा था, लेकिन उसे उनसे सवाल करने का मौका नहीं मिला, जिसके बाद उन्होंने बाबर पर अपनी भड़ास निकाली। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें बाबर का गुस्सा देखने लायक है। ये वीडियो न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस की है, जिसमें बाबर पत्रकारों के सवालों के जवाब दे रहे है। दरअसल, हुआ कुछ यूं कि प्रेस कॉन्फ्रेंस के खत्म होने के बाद जैसे ही बाबर उठकर जा रहे थे, ऐसे में एक पत्रकार ने उन पर अपनी भड़ास निकलते हुए कहा, बाबर ये कोई तरीका नहीं हैं।

### विराट–अनुष्का ने शेयर की साल 2022 की आखिरी पोस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूरी दुनिया नए साल की तैयारियों में जुटी हुई है। आज यानी न्यू ईयर ईव के दिन सभी लोग नए साल का स्वागत करने के लिए अपने–अपने प्लान तैयार करके बैठे हैं, तो वहीं क्रिकेटर्स भी साल 2022 के आखिरी दिन को खास तरीके से मनाते हुए नजर आ रहे है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ इस साल के आखिरी दिन सनराइज का लुत्फ लेते हुए दिख रहे है। दरअसल, भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इन दिनों अपनी फैमली के साथ दुबई में टाइम स्पैंड कर रहे है। हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर विराट कोहली ने एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में देखा जा सकता है कि बॉलीवुड के पॉवरफुल कपल अनुष्का शर्मा और विराट कोहली साल 2022 के आखिरी दिन सनराइज का लुत्फ उठा रहे है। फोटो में विराट और अनुष्का के साथ बेटी वामिका भी है। इस खूबसूरत तस्वीर को फैंस से भरपूर प्यार मिल रहा है। विराट कोहली ने इस तस्वीर को कैप्शन दिया , 2022 के आखिरी सूर्योदय तक।

### रमीज राजा ने एक बार फिर दिया भड़कीला बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व चेयरमैन रमीज राजा ने एशिया कप 2023 के मेजबान देश का विषय दोबारा छेड़ा है। पाकिस्तान को एशिया कप 2023 की मेजबानी करनी है, लेकिन इस पर संदेह के बादल मंडरा रहे हैं क्योंकि कुछ समय पहले बीसीसीआई सचिव जय शाह ने स्पष्ट किया था कि टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं जाएगी और इसे पाकिस्तान के बाहर आयोजित कराया जाएगा। अब एक बार फिर रमीज राजा ने एशिया कप की मेजबानी को लेकर दोबारा बहस छेड़ दी है।

पेज थ्री देहरादून

देहरादून, रविवार, 1 जनवरी 2023 पेज 8

# हमारा दून


घटनास्थल पहुंची फॉरेंसिक टीम, दुर्घटनाग्रस्त कार की जांच में करते हुए अधिकारी।



## अभिनेता अनिल कपूर व अनुपम खेर पहुंचे मैक्स अस्पताल

**संवाददाता** देहरादून। शनिवार की सुबह अभिनेता अनिल कपूर और अनुपम खेर मैक्स अस्पताल पहुंचे। उन्होंने यहां ऋषभ पंत का हाल चाल जाना। बताया कि ऋषभ पंत हंस और बोल रहे हैं। वह पहले से काफी ठीक हैं। इस दौरान उन्होंने ऋषभ पंत की मां सरोज पंत से भी मुलाकात की।
उन्होंने ऋषभ को फाइटर बताया और कहा उनके साथ प्रशंसकों की दुआएं हैं। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि ऋषभ की हालत स्थिर है। उनके प्रशंसकों से अपील की कि वे उनके लिए प्रार्थना करें, ताकि वह जल्द ठीक हो जाएं। उन्होंने कहा कि हमें पता चला कि ऋषभ पंत अस्पताल में हैं, इसलिए हम आम नागरिक के रूप में उन्हें देखने आए। हम उनकी मां से मिले और वह बहुत बेहतर हैं, उनका उत्साह बहुत ऊंचा है और उसके साथ पूरे भारत का आशीर्वाद है, इसलिए वह जल्दी ठीक हो जाएंगे।
हम उनके रिश्तेदारों से मिले, सब ठीक हैं हमने उन्हें हंसाया। हम प्रशंसकों के रूप में उनसे मिलने गए। कहा कि हम जिम्मेदार नागरिक हैं कि कृपया सावधानी से ड्राइव करें, विशेष रूप से यहां रात में धुंध है। आप सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं।

# गड्ढे के कारण हुआ यह हादसाः डीडीसीए डायरेक्टर

**खुलासा**

■ देहरादून में ही चलेगा पंत का इलाज, ऋषभ की प्लास्टिक सर्जरी सम्पन्न

**संवाददाता**

देहरादून। कार हादसे में घायल क्रिकेटर ऋषभ पंत को राजधानी देहरादून के मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पांच विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम पंत का इलाज कर रही है। टीम में सर्जन, ऑर्थोपेडिक सर्जन समेत कई विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल हैं। अस्पताल प्रबंधन सीधे परिजनों और बीसीसीआई से ही इलाज के संबंध में जानकारी साझा कर रहा है।
वहीं, डीडीसीए के अधिकारी शनिवार को मैक्स अस्पताल पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि पंत के इलाज के लिए भारत के बेस्ट डॉक्टरों से परामर्श लिया जा रहा है। पंत का इलाज देहरादून के मैक्स अस्पताल में ही चलेगा। दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के डायरेक्टर श्याम शर्मा ने ऋषभ पंत से मुलाकात के बाद ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऋषभ ने उन्हें बताया है कि नींद आने से नहीं बल्कि गड्ढे से बचाने के चक्कर में ऋषभ की कार अनियंत्रित हुई थी। वहीं, बीसीसीआई की टीम तीन सदस्यीय टीम भी यहां पहुंची थी। इनमें एक लीगल एडवाइजर भी थे।
सूत्रों के मुताबिक फिलहाल क्रिकेटर की हालत खतरे से बाहर है। वह पूरी तरह सामान्य बताए जा रहे हैं। पंत के सिर और रीढ़ की हड्डी का स्कैन हो चुका है और रिपोर्ट सामान्य है। पंत के पैर में फ्रैक्टर है, सिर और कमर पर भी चोट हैं।
बता दें कि शुक्रवार को हादसे के बाद ऋषभ पंत को नारसन स्थित सक्षम अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद राजधानी के मैक्स अस्पताल रेफर किया गया। हरिद्वार जिला प्रशासन की ओर से अस्पताल प्रबंधन को पहले ही सूचना दे दी गई थी। जैसे ही एंबुलेंस पंत को लेकर अस्पताल पहुंची, तत्काल उनका इलाज शुरू कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक क्रिकेटर पंत की एमआरआई जांच के साथ ही कई चिकित्सकीय परीक्षण किए गए। ऋषभ पंत की हालत सामान्य बताई जा रही है। वहीं, पंत के साथ अस्पताल पहुंची मां सरोज पंत और परिजनों से मीडियाकर्मियों ने बात करने की कोशिश की, लेकिन कोई बात नहीं हो पाई।





### एयरलिफ्ट करने का कोई प्लान नहीं

ऋषभ पंत की हालत सामान्य बनी है और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनका उपचार कर रही है। उन्होंने कहा कि अभी एयरलिफ्ट करने का कोई प्लान नहीं है और ना ही कोई जरूरत अभी है। हालांकि लिगामेंट के उपचार के लिए उन्हें बाद में शिफ्ट किया जा सकता है।

## दुर्घटना के कारणों की जांच करने पहुंची फॉरेंसिक

शनिवार को देहरादून से आरटीओ शैलेश तिवारी टीम के साथ नारसन बॉर्डर पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और गाड़ी का टेक्निकल मुआयना किया गया है। गाड़ी बुरी तरह से जल जाने की वजह से यह पता नहीं लग पा रहा है कि गाड़ी की स्पीड कितनी थी।
उन्होंने बताया कि इस संबंध में कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं मिला है। प्रथम दृष्टया जो ऋषभ पंत ने बताया है उसी को हादसे का कारण मान रहे हैं। अभी झपकी आने की वजह से दुर्घटना हुई माना जा रहा है। कोई सीसीटीवी कैमरा भी नहीं है, जिससे स्पीड के बारे में सही जानकारी मिल सके।
आरटीओ शैलेश तिवारी ने बताया कि परिवहन विभाग अब नारसन बॉर्डर से लेकर हरिद्वार के सिंहद्वार तक रोड सेफ्टी ऑडिट करेगा। कहां पर क्या-क्या खामी है? उसका बारीकी से अध्ययन करते हुए अपनी एक रिपोर्ट शासन को भेजेगा, ताकि यातायात को और सुगमऔर सुरक्षित बनाया जा सके। प्रदेश में 41 ब्लैक स्पाट ऐसे हैं, जिनमें दीर्घकालिक सुधार की आवश्यकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### साल के आखिरी दिन दून के बाजार गुलजार

**संवाददाता** देहरादून। साल के आखिरी दिन शनिवार को दून के बाजार गुलजार रहे। लोगों ने ईयर एंड डिस्काउंट का लाभ उठाया। शॉपिंग मॉल, बड़े स्टोरों की तुलना में खुले बाजारों में लोगों की भीड़ ज्यादा रही। 2022 के आखिरी दिन शनिवार होने के कारण कुछ निजी- सरकारी कार्यालयों में अवकाश रहा। जिसके चलते लोग परिवार के साथ बाजार घूमने आए। राजपुर रोड पर छोटे से लेकर बड़े मॉलों में लोगों का आना जाना दूसरे दिनों की तुलना में अधिक रहा। बड़े मॉलों में ब्रांडेड कपड़ों पर लुभावने ऑफर दिए गए।

### ऋषभ पंत के मददगारों को मिलेगा इनाम

**संवाददाता** देहरादून। स्टार क्रिकेटर ऋषभ पंत एक सड़क हादसे में घायल हो गए हैं। हालांकि इस भयानक हादसे में कुछ लोगों की मदद से पंत खुद को बचा पाने में सफल रहे। उत्तराखंड के डीजीपी ने पंत की मदद करने वालों को ईनाम देने की घोषणा की है। उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटना के बाद ऋषभ पंत की मदद करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। ऋषभ पंत की कार जब हादसे का शिकार हुई तब देवदूत बनकर सबसे पहले मौके पर पहुंचने वालों में हरियाणा रोडवेज का ड्राइवर, कंडक्टर और स्थानीय लोग थे। इनमें तीन दिहाड़ी मजदूर भी शामिल थे।

# 6 हजार से अधिक की आबादी पेयजल समस्या से जूझ रही

**चेतावनी**

■7 दिन में पेयजल आपूर्ति सुचारु नहीं होने पर आंदोलन

**संवाददाता**

ऋषिकेश। नगर निगम ऋषिकेश के वार्ड नंबर 36 अमित ग्राम की करीब 6 हजार से अधिक की आबादी बीते दो महीने से पेयजल समस्या से जूझ रही है। समस्या का स्थायी न होने समाधान लोगों में खासा आक्रोश है। शनिवार को पेयजल समस्या को लेकर हुई खुली बैठक में लोगों ने चेताया कि सात दिन के अंदर पेयजल आपूर्ति सुचारु नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।
अमित ग्राम के पार्षद वीरेंद्र रमोला ने पेयजल संबंधी समस्या को लेकर अरबन पैरी योजना जलसंस्थान और स्थानीय लोगों को बैठक के माध्यम से आमने-सामने किया। पिछले कई दिनों से पेयजल संकट से परेशान लोगों ने अधिकारियों पर जमकर भड़ास निकाली।
आरोप लगाया कि कभी नई पेयजल लाइन बिछाने तो कभी विद्युत आपूर्ति बाधित होने का हवाला देकर हर दूसरे दिन पीने के पानी की सप्लाई ठप कर दी जाती है। गर्मी में तो समस्या थी ही सर्दी में भी पीने का पानी नियमित रूप से नहीं मिल रहा है।
मौके पर मौजूद जलकल अभियंता अरुण विक्रम सिंह रावत ने लोगों को जल्द पेयजल संबंधी समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। बताया कि वार्ड में नई पेयजल लाइन बिछाने के दौरान पुरानी पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त होने से पेयजल आपूर्ति बाधित रही है। अब नई लाइन बिछाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। लोगों ने एफआईयू कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर पीयूष सिन्हा को समस्या के समाधान को सात दिन की मोहलत दी। निर्धारित समय में पेयजल आपूर्ति सुचारु नहीं होने पर अफसरों को बंधक बनाने, तालाबंदी आदि की चेतावनी दी।
मौके पर कैप्टन चतर सिंह बिष्ट, विनोद सेमवाल, चंडी प्रसाद, अवतार नेगी, वीरेंद्र नेगी, पीएस कंडारी, शीशपाल नेगी, पुरुषोत्तम बडोनी, अनिता बडोनी, सीमा नेगी आदि मौजूद रहे।



फाइल फोटो।

## नववर्ष पर स्वच्छता का संकल्प लें क्षेत्रवासीः अग्रवाल

**संवाददाता** ऋषिकेश। नववर्ष 2023 की पूर्व संध्या पर मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फेंकने की अपील की। अभियान के तहत हनुमान मंदिर के सामने आईडीपीएल के अंदर परिसर तक साफ सफाई की गई। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर आज पूरा देश स्वच्छता के प्रति जागरूक हुआ है। लोगों के भीतर पिछले आठ वर्षों में स्वच्छता के प्रति एक अलख जगी है। हमारे राज्य में भी स्वच्छता को लेकर अनेक अभियान निकाय स्तर पर चलाये जा रहे हैं। यही कारण है कि उत्तराखंड को इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में छह पुरस्कार प्राप्त हुए है। इस नववर्ष की पूर्व संध्या पर हमें संकल्प लेना होगा कि अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखेंगे। कूड़े को सार्वजनिक स्थलों पर नहीं फेंकेंगे।


In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।